ट्राइबल म्यूजियम को विश्व-स्तरीय बनाने की घोषणा

चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में संस्कृति विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान घोषणा की कि ट्राइबल म्यूजियम को विश्व-स्तरीय बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- म्यूजियम में पर्यटक आकर रुकें और देखें, इस तरह की व्यवस्था करें। इसी प्रकार मानव संग्रहालय को पुनर्जीवित करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु वहाँ भी पर्यटकों के ठहरने का प्रस्ताव तैयार कर भेजें।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में आचार्य शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना और लेज़र-शो का कार्य प्रथम चरण में पूर्ण किया जाएगा। वेदांत पीठ की स्थापना देश और दुनिया में अद्भुत होगी।
- इंदौर में लाल बाग पैलेस का मूल स्वरूप बरकरार रखते हुए उसे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटोहॉल) की तरह विकसित करने के निर्देश भी दिये।
- मुख्यमंत्री ने शिव की प्रतिमाओं के अभिप्राय पर केंद्रित पुस्तक 'महादेव' और परमवीर चक्र विजिताओं पर आधारित ब्रोशर का विमोचन किया।
- बैठक में बताया गया कि 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के लिये भारत सरकार की वेबसाइट पर भी समानांतर रूप से मध्य प्रदेश की प्रमुख गतिविधियाँ उपलब्ध हैं। मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति पर आधारित संग्रहालयों के निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है। इसमें जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से भारिया जनजाति का छिंदवाड़ा, बैगा का डिंडोरी और सहरिया जनजाति का श्योपुर में संग्रहालय बनाया जाना अपेक्षित है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/announcement-to-make-tribal-museum-world-class